जय श्री श्याम | by Ashish Deshwal

मैंने सुना है श्याम प्रेमी की पहचान होता है
हारे का सहारा बाबा श्याम होता है

जय श्री श्याम, जय श्री श्याम
जय श्री श्याम, जय श्री श्याम
जपता रहूं मैं तेरा ही नाम
जय श्री श्याम,.........

कृपा करते सब पर बाबा, बनके तुम सहारा
हाथ थाम लो मेरा भी अब मैं दुनिया से हारा
हारे के सहारे हो, बाबा श्याम प्यारे हो, करता प्रणाम
जय श्री श्याम,.........

खाटू नगरी धाम तुम्हारी जाती दुनिया सारी
सबकी विपदा दूर करे कब आये मेरी बारी
सुन ले पुकार बाबा, ज़िन्दगी संवार बाबा, आया तेरे धाम
जय श्री श्याम,.........

वीरो के तुम वीर हो बाबा , तीन बाण के धारी
चुलकाना में शीश दिया हे कलयुग अवतारी
लाखों के दातार तुम, मेरा भी आधार तुम, मेरे खाटूश्याम
जय श्री श्याम,.........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9c%e0%a4%af-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-by-ashish-deshwal/